**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ......................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**J 0 1 1 5**

# PAPER - III
# ECONOMICS

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## ECONOMICS
## PAPER - III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. A recessionary gap measures the :
   (1) amount by which autonomous spending is below to that needed to achieve a full employment equillibrium
   (2) amount by which aggrigate spending exceeds to that needed to achieve full employment
   (3) difference in real output between the classical model and the keynesian depression model.
   (4) Extent of paradox of thrift

2. How many countries are the members of European Union ?
   (1) 25 (2) 28 (3) 26 (4) 15

3. Identify the factors which are likely to pose risk to India's external economic situation :
   (a) U.S. Federal Reserve monetory tightening expected later this year (2015).
   (b) Viability of the Eurozone in the event of a Greek exit
   (c) Spike in oil prices
   (d) Increase in India's share in global exports.
   Find the correct combination from the given codes :
   (1) (a) and (b) (2) (a), (b) and (c) (3) (b) (c) and (d) (4) (a) and (d)

4. Monetary policy in India now aims at targeting :
   (1) Growth of money supply (2) Consumer price inflation
   (3) neither (1) nor (2) (4) Both (1) and (2)

5. Match **List - I** with **List - II** and show the relation between trade cycle and profit by selecting correct codes given below.

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Recession | (i) | Low |
| (b) | Boom | (ii) | Positive |
| (c) | Recovery | (iii) | Highest level |
| (d) | Depression | (iv) | Negative |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

6. In relative income hypothesis consumption is related to :
   (1) Peak past consumptions (2) Median current consumption of peer group
   (3) Neither (1) nor (2) (4) Both (1) and (2)

## अर्थशास्त्र

### प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** अवसादी–अंतराल निम्न में से किसे मापता है ?

(1) पूर्ण रोजगार प्राप्त करने हेतु व्यय परिमाण से स्वतंत्र व्यय कितना कम रहा।

(2) पूर्ण रोजगार को प्राप्त करने हेतु व्यय से सकल व्यय कितना अधिक रहा।

(3) क्लासिकीय मॉडल में वास्तविक उत्पादन तथा केन्स्कीय मंदी मॉडल में वास्तविक उत्पाद में अंतर।

(4) मितव्ययता मे विरोधाभास की माप

**2.** यूरोपियन यूनियन के अब कितने सदस्य हैं ?

(1) 25 (2) 28 (3) 26 (4) 15

**3.** उन कारकों को इंगित कीजिये जो भारत की बाह्य आर्थिक स्थिति के लिए जोखिम का कार्य कर सकते हैं :

(a) यू. एस. फेडरल रिजर्व द्वारा इस वर्ष (2015) के उत्तरार्ध में मौद्रिक कसाव की संभावना

(b) ग्रीक के यूरोज़ोन से बाहर निकलने पर यूरोज़ोन की व्यवहार्यता

(c) तेल कीमतों में उछाल

(d) विश्वनिर्यात में भारतीय निर्यात के हिस्से में वृद्धि

इनमें सही संयोग को नीचे लिखे कूट से बताइये :

(1) (a) तथा (b) (2) (a) (b) तथा (c) (3) (b) (c) तथा (d) (4) (a) व (d)

**4.** भारत में मौद्रिक नीति का लक्ष्य अब है :

(1) मुद्रा पूर्ति की वृद्धि (2) उपभोक्ता कीमत मुद्रास्फीति

(3) न तो (1) और न (2) (4) (1) तथा (2) दोनों

**5.** **सूची - I** को **सूची - II** से व्यापार चक्र तथा लाभ की स्थिति को सुमेलित कर नीचे लिखे कूट से उत्तर दीजिये

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) अवसाद | (i) निम्न |
| (b) उत्कर्ष | (ii) धनात्मक |
| (c) पुनरुत्थान | (iii) सर्वोच्च स्तर |
| (d) मंदी | (iv) ऋणात्मक (निगेटीव) |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**6.** सापेक्ष आय परिकल्पना में उपभोग आधारित होता है :

(1) सर्वोच्च विगत उपभोग (2) समकक्ष समूह के वर्तमान उपभोग का माध्यिका मान

(3) न तो (1) और न ही (2) (4) (1) तथा (2) दोनों

7. Monetary expansion can still be effective in getting out of liquidity trap if it's combined with :
(1) Restrictions on bank loans (2) Increased taxes
(3) Contractionary fiscal policy (4) Expansionary fiscal policy

8. If a linear consumption function passes through the origin it means :
(1) APC > MPC (2) APC < MPC
(3) APC = MPC (4) APC = MPC = 0

9. According to Keynes the Aggregate suppy curve during depression :
(1) is horizontal (2) is Vertical
(3) tilts downward to the right (4) tilts upward to the right

10. Identify the transfer payments in the following and answer from the codes below :
(a) Annual increment in salary
(b) Payment of bonus to employees
(c) Interest payment on public debt
(d) Pension payment
**Codes :**
(1) (c) and (d) (2) (b), (c) and (d) (3) (a) and (b) (4) (a) and (c)

11. Technical progress is said to be Hicks Capital intensive if at constant capital labour ratio $MRTS_{L,K}$ :
(1) remains constant (2) decreases
(3) increases (4) none of (1), (2) and (3) are relevant

12. In the theory of investment decisions, the most appropriate rate of return is the one which makes the :
(1) net present value the maximum (2) gross present value the maximum
(3) net present value zero (4) gross present value zero

13. Correct statement of cob-web model is :
(1) $S_t = a_0 + b_0 p_t \; ; \; D_t = -c_0 - d_0 p_t$ (2) $S_t = a_0 + b_0 p_{t-1} \; ; \; D_t = c_0 - d_0 p_t$
(3) $S_t = a_0 - b_0 p_{t-1} \; ; \; D_t = c_0 + d_0 p_t$ (4) $S_t = a_0 - b_0 p_{t-1} \; ; \; D_t = c_0 - d_0 p_{t-1}$

14. 'Adverse selection' arises because of :
(1) Lack of information (2) Wrong information
(3) Asymmetrical information (4) Uncertainty of future

15. Shadow prices can be called :
(1) Imputed cost (2) Opportunity cost
(3) both (1) and (2) (4) neither (1) or (2)

16. Walra's general equilibrium model uses a :
(1) system of equations
(2) system of simulteneous linear equations
(3) system of simulteneous equations
(4) system of linear equations

7. तरलता जाल से निकलने में मौद्रिक विस्तार तब भी सहायक हो सकता है जब वह जोड़ा जाये :

(1) बैंक ऋणों पर प्रतिबंधों से (2) बढ़े हुए करों से

(3) संकुचनशील राजकोषीय नीति (4) विस्तार युक्त राजकोषीय नीति

8. रैखिक उपभोग फलन मूल बिंदु से गुजरेगा जब :

(1) ए पी सी > एम पी सी (2) ए पी सी < एम पी सी

(3) ए पी सी = एम पी सी (4) ए पी सी = एम पी सी = 0

9. केन्स के अनुसार अवसाद में सकल पूर्ति वक्र हो सकता है :

(1) क्षैतिज (2) ऊर्ध्व (3) दाईं ओर को झुकता हुआ (4) बाईं ओर को चढ़ता हुआ

10. नीचे लिखे कूट में हस्तांतरित आय को चिन्हित कर उत्तर दें :

(a) वेतन में वार्षिक वृद्धि

(b) कामगरों को बोनस भुगतान

(c) सार्वजनिक ऋण पर ब्याज

(d) पेंसन भुगतान

**कूट :**

(1) (c) तथा (d) (2) (b), (c) तथा (d) (3) (a) तथा (b) (4) (a) तथा (c)

11. तकनीकी प्रगति को हिक्स पूंजी प्रधान कहा जायेगा, जब स्थिर पूंजी श्रम अनुपात पर श्रमकी पूंजी के प्रति प्रतिस्थान दर हो

(1) अचर (2) घट जाए

(3) बढ़ जाए (4) (1), (2) तथा (3) में कोई प्रासंगिक नहीं है।

12. निवेश निर्णय के सिद्धांत में सबसे उपयुक्त प्रतिफल दर वह है जो बनाती है :

(1) निवल वर्तमान आय को अधिकतम (2) सकल वर्तमान आय को अधिकतम

(3) निवल वर्तमान मूल्य को शून्य (4) सकल वर्तमान मूल्य को शून्य

13. काब-वेब माडल का सही निरूपण निम्नलिखित में कौन है :

(1) $S_t = a_0 + b_0 p_t$ ; $D_t = -c_0 - d_0 p_t$ (2) $S_t = a_0 + b_0 p_{t-1}$ ; $D_t = c_0 - d_0 p_t$

(3) $S_t = a_0 - b_0 p_{t-1}$ ; $D_t = c_0 + d_0 p_t$ (4) $S_t = a_0 - b_0 p_{t-1}$ ; $D_t = c_0 - d_0 p_{t-1}$

14. 'प्रतिकूल चयन' उत्पन्न होता है जब;

(1) सूचना का अभाव हो (2) गलत सूचना

(3) असममित सूचना उपलब्ध हो (4) भविष्य अनिश्चित हो

15. प्रतिछाया कीमतों को कहा जा सकता है :

(1) आरोपित लागत (2) अवसर लागत

(3) (1) और (2) दोनों (4) (1) और (2) में से कोई भी नहीं

16. वालरा के सामान्य संतुलन मॉडल में किसका उपयोग किया जाता है ?

(1) समीकरण प्रणाली (2) युगपत् रेखीय समीकरण प्रणाली

(3) युगपत् समीकरण प्रणाली (4) रेखीय समीकरण प्रणाली

17. Which of the following is an inferior good ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Kerosine | (2) | Cooking gas |
| (3) | Electricity | (4) | Chemical fertilizers |

18. Pareto optimality in production is gained in which of the following conditions ?

(1) $MRTS^{X}_{LK} = MRTS^{Y}_{LK}$ (2) $MRS^{A}_{XY} = MRS^{B}_{XY}$

(3) $MRS^{K}_{XY} = MRT^{L}_{XY}$ (4) $\frac{MP_L}{P_L} = \frac{MP_K}{P_K}$

19. Match **List - I** (consumer behaviour approach) with **List - II** (Economist with whom it is associated) and select the correct answer using the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Cardinal Approach | (i) | Von Newman Morgenstein |
| (b) | Indifference curve | (ii) | Alfred Marshell |
| (c) | Revealed Preference Approach | (iii) | J. K. Hicks |
| (d) | Neo-utility theory of risky choices | (iv) | P. A. Samuelson |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

20. Which one of the following is the correct concept of Natural rating unemployment ?

(1) Frictionally and structurally unemployed
(2) Frictionally and cyclically unemployed
(3) Structurally and cyclically unemployed
(4) Frictionally, cyclically and structurally unemployed

21. Consider the following statements :

(a) Points to the left of the IS curve indicate excess supply of goods.
(b) Points to the right of the LM curve indicate excess demand for money.
(c) Points to the right of the IS curve indicate excess supply of money.
(d) Points to the right of the IS curve indicate excess supply of goods.

Of these statements :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (b) and (d) are correct | (2) | (a) and (c) are correct |
| (3) | (b) and (c) are correct | (4) | (c) and (d) are correct |

17. निम्नलिखित में से कौनसी एक निकृष्ट वस्तु है ?

(1) केरोसिन (2) रसोई गैस (3) बिजली (4) रासायनिक उर्वरक

18. निम्नलिखित में से किसमें उत्पादन में पैरेटो की इष्टतमता प्राप्त की जाती है ?

(1) $MRTS_{LK}^{X} = MRTS_{LK}^{Y}$ (2) $MRS_{XY}^{A} = MRS_{XY}^{B}$

(3) $MRS_{XY}^{K} = MRT_{XY}^{L}$ (4) $\frac{MP_L}{P_L} = \frac{MP_K}{P_K}$

19. **सूची** - **I** (उपभोक्ता व्यवहार अभिगम) का **सूची** - **II** (अर्थशास्त्रीयों, जिनके साथ यह संबद्ध है) के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनें।

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मापनीय उपागम | (i) | वॉन न्यूमैन मोरजेन्स्टेन |
| (b) | अनधिमान वक्र | (ii) | अल्फ्रेड मार्शल |
| (c) | प्रकटित अधिमान सिद्धांत | (iii) | जे. के. हिक्स |
| (d) | जोखिमयुक्त चयन का नव-उपयोगिता सिद्धांत | (iv) | पी. ए. सैमुअलसन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

20. निम्नलिखित में से प्राकृतिक बेरोजगारी दर की कौनसी अवधारणा सही है ?

(1) घर्षणात्मक रूप से और संरचनात्मक रूप से बेरोजगार

(2) घर्षणात्मक रूप से और चक्रीय रूप से बेरोजगार

(3) संरचनात्मक रूप से और चक्रीय रूप से बेरोजगार

(4) घर्षणात्मक, चक्रीय और संरचनात्मक रूप से बेरोजगार

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(a) IS वक्र के बाईं तरफ के बिंदु वस्तुओं की अत्यधिक आपूर्ति को इंगित करते हैं

(b) LM वक्र के दाईं तरफ के बिंदु मुद्रा की अत्यधिक मांग को इंगित करते हैं

(c) IS वक्र के दाईं तरफ के बिंदु मुद्रा की अत्यधिक आपूर्ति को इंगित करते हैं

(d) IS वक्र के दाईं तरफ के बिंदु वस्तुओं की अत्यधिक आपूर्ति को इंगित करते हैं

इन कथनों में से :

(1) (b) और (d) सही हैं (2) (a) और (c) सही हैं

(3) (b) और (c) सही हैं (4) (c) और (d) सही हैं

**22.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | $C = 40 + 0.7y$ | (i) | LM function |
| (b) | $I = 90 - 6\ i$ | (ii) | IS function |
| (c) | $0.3y - 20i - 160 = 0$ | (iii) | Consumption function |
| (d) | $0.3y + 20i - 150 = 0$ | (iv) | Investment function |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**23.** In a linear programming problem, an optimum solution will be :

(1) One of the basic solutions
(2) One of the feasible solutions
(3) One of the basic feasible solutions
(4) One of the non-basic solutions

**24.** Human capital formation can be accelerated by :

(1) Promoting skill development programmes
(2) Providing medical and health facilities in both rural and urban areas.
(3) Strengthening hardware and software industry.
(4) (1) and (2) above.

**25.** What is the correct sequence for the evolution of society according to Karl Marx ?

(a) Socialism (b) Slavery (c) Feudalism (d) Capitalism

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) and (d)
(2) (d), (c), (b) and (a)
(3) (b), (c), (d) and (a)
(4) (c), (d), (b) and (a)

**26.** The unbalanced growth strategy is based on :

(1) External and Internal economies
(2) Spread and backwash effects
(3) Increasing and constant returns to scale
(4) Backward and forward linkages

**27.** Financial dualism theory was developed by :

(1) B. Higgins (2) H. Myint (3) W. A. Lewis (4) R. Nurkse

**22.** **सूची - I** का **सूची - II** के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कूटों में से उत्तर दें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | $C = 40 + 0.7y$ | (i) | LM फलन |
| (b) | $I = 90 - 6\ i$ | (ii) | IS फलन |
| (c) | $0.3y - 20i - 160 = 0$ | (iii) | उपभोग फलन |
| (d) | $0.3y + 20i - 150 = 0$ | (iv) | निवेश फलन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**23.** रेखीय प्रोगमन समस्या में एक इष्टतम समाधान होगा :

(1) मूल समाधानों में से एक
(2) साध्य समाधानों में से एक
(3) मूल साध्य समाधानों में से एक
(4) गैर-मूल समाधानों में से एक

**24.** मानव पूंजी निर्माण में तेजी लाई जा सकती है :

(1) कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देकर
(2) ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चिकित्सीय और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर
(3) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उद्योग को मजबूत बना कर
(4) उपरोक्त (1) और (2)

**25.** कार्ल मार्क्स के अनुसार समाज के विकास का सही क्रम क्या है?

(a) समाजवाद (b) दासता (c) सामंतवाद (d) पूंजीवाद

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) (d), (c), (b) और (a)
(3) (b), (c), (d) और (a)
(4) (c), (d), (b) और (a)

**26.** असंतुलित संवृद्धि रणनीति आधारित है :

(1) बाह्य और आंतरिक मितव्यताओं पर
(2) विस्तार और पश्चगामी प्रभाव पर
(3) बढ़ते हुए और स्थिर पैमाने के प्रतिफल पर
(4) पश्चगामी और अग्रगामी अनुबंधन पर

**27.** वित्तीय द्वैतवाद सिद्धांत किसके द्वारा विकसित किया गया :

(1) बी. हिग्गिन्स (2) एच. माइन्ट (3) डब्ल्यू. ए. लेवीज़ (4) आर. नरक्स

**28.** Which among the following production function will exhibit both Hicks and Harrod technical progress ?

(1) Leontieff production functions

(2) Cobb - Douglas production functions

(3) ACMS production functions

(4) None of the above

**29.** The concept of X-efficiency was formulated by :

(1) H. Singer (2) H. Leibenstein (3) R. Rodan (4) C. Kindleberger

**30.** Which among the following items has the largest value of exports in India during 2013-15 ?

(1) Engineering goods

(2) Garments

(3) Gems and Jewellary

(4) Agro-processing exports.

**31.** Which among the following is not correctly matched ?

(1) Golden age : Mrs. Joan Robinson

(2) Golden rule of accumulation : Edmund Phelfs

(3) Steady state growth : Robert Solow

(4) Low income equillibrium trap : T. R. Malthus

**32.** Who among the following economists is not associated with the Dependency Theory ?

(1) S. Amin (2) P. Baron

(3) Raul Prebisch (4) A. G. Frank

**33.** Which one of the following is **not** a feature of neoclassical economics ?

(1) Flexible wages and interest rates

(2) Capital in physical and financial form

(3) Perfect Competetion

(4) Neutrality of money

**34.** Renewed focus to control increasing population is required from the viewpoint of women because :

(1) Family planning programme needs to be reoriented keeping in view the reproductive health rights of women.

(2) Increased budget needed to provide quality services to women.

(3) Increased number of women councellers needed for health and youth friendly services.

(4) All of the above.

**28.** निम्नलिखित में से कौनसा उत्पादन फलन, हिक्स और हेरोड दोनों की तटस्थ तकनीकी प्रगति प्रदर्शित करेगा :

(1) लिओन्टिफ उत्पादन फलन (2) कॉब – डगलस उत्पादन फलन

(3) ए. सी. एम. एस. उत्पादन फलन (4) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**29.** एक्स – दक्षता की अवधारणा किसके द्वारा विकसित की गई :

(1) एच. सिंगर (2) एच. लीबेन्स्टेन

(3) आर. रोडन (4) सी. किंडलबर्जर

**30.** निम्नलिखित मदों में से किसका 2013 - 15 के दौरान भारत के निर्यात में विशालतम मूल्य रहा है :

(1) इंजिनियरिंग वस्तुओं का निर्यात (2) परिधान (गारमेंट्स) का निर्यात

(3) रत्न और आभूषणों का निर्यात (4) कृषि – प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात

**31.** निम्नलिखित में से किसका मिलान सही नहीं है ?

(1) स्वर्ण युग : श्रीमती जॉन रॉबिन्सन

(2) संचयन का स्वर्णिम नियम : एडमंड फैल्प्स

(3) सहज अवस्था में संवृद्धि : राबर्ट सोलो

(4) न्यून आय संतुलन जाल : टी. आर. माल्थस

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा अर्थशास्त्री 'निर्भरता सिद्धांत' से संबद्ध नहीं है ?

(1) एस. अमीन (2) पी. बेरन

(3) रॉल प्रिबिश (4) ए. जी. फ्रैंक

**33.** निम्नलिखित में से कौनसी नव–क्लासिकल अर्थशास्त्र की विशेषता **नहीं** है ?

(1) लचीली मजदूरी और ब्याज दर (2) भौतिक और वित्तीय रूप में पूंजी

(3) पूर्ण प्रतियोगिता (4) मुद्रा की तटस्थता

**34.** महिलाओं के दृष्टिकोण से बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण पर नवीन तरीके से अत्यधिक ध्यान देना जरूरी है क्योंकि :

(1) महिलाओं के प्रजननीय स्वास्थ्य अधिकार को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रमों को नई दिशा देना आवश्यक है।

(2) महिलाओं को गुणवत्तायुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए बजट में वृद्धि आवश्यक है।

(3) स्वास्थ्य और युवा–हितैषी सेवाओं के लिए महिला परमर्शदाताओं की संख्या में वृद्धि आवश्यक है।

(4) उपरोक्त सभी

**35.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Supply side of international trade | (i) | David Ricardo |
| (b) | Demand side of international trade | (ii) | Bastable and Alfred Marshall |
| (c) | Opportunity cost of international trade | (iii) | G. Haberler |
| (d) | Real cost theory of International trade | (iv) | Alfred Marshall and Edgeworth |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**36.** Justice in taxation is best ensured by applying the principle of :

(1) Equal marginal sacrifice (2) Equal proportional sacrifice

(3) Equal absolute sacrifice (4) None of the above.

**37.** All the funds which belong to Government go to :

(1) Public Account (2) Consolidated fund

(3) Contigency fund (4) Revenue Account

**38.** During the period 2004 and 2013, India's share in global exports increased from :

(1) 0.8 percent to 1.7 percent (2) 1.0 percent to 2.5 percent

(3) 1.0 percent to 1.5 percent (4) 1.2 percent to 2.1 percent

**39.** 'Gender budgeting' means :

(1) a seperate budget for women (2) a tool for gender empowerment

(3) a tool for gender discrimination (4) a seperate budget for men and women.

**40.** Which sector in India has developed breaking the Colin Clark sequence of development ?

(1) Export Sector (2) Primary Sector

(3) Secondary Sector (4) Service Sector

**41.** Match **List - I** with **List - II** by selecting correct codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Liquidity trap | (i) | M. Friedman |
| (b) | Demonstration effect | (ii) | A. C. Pigou |
| (c) | Permanent Income Hypothesis | (iii) | J. Duesenberry |
| (d) | Wealth Effect | (iv) | J. M. Keynes |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

35. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का आपूर्ति पक्ष | (i) | डैविड रिकार्डो |
| (b) | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का मांग पक्ष | (ii) | बास्टेबल एवं अल्फ्रेड मार्शल |
| (c) | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की अवसर लागत | (iii) | जी. हैबरलर |
| (d) | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की वास्तविक लागत सिद्धांत | (iv) | अल्फ्रेड मार्शल एवं एजवर्थ |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

36. कराधान में न्याय निम्नलिखित में से किस सिद्धांत के अनुप्रयोग द्वारा सर्वाधिक सुनिश्चित होता है?
(1) समान सीमांत त्याग
(2) समान आनुपातिक त्याग
(3) समान समग्र त्याग
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. सरकार से संबद्ध सभी निधियां किसमें जाती हैं :
(1) लोक लेखा
(2) समेकित निधि
(3) आकस्मिकता निधि
(4) राजस्व लेखा

38. 2004 और 2013 की अवधि के दौरान वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी निम्नलिखित रूप में बढ़ी है :
(1) 0.8 प्रतिशत से 1.7 प्रतिशत
(2) 1.0 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत
(3) 1.0 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत
(4) 1.2 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत

39. 'जेंडर बजटिंग' से तात्पर्य है :
(1) महिलाओं के लिए एक पृथक बजट
(2) महिला सशक्तीकरण के लिए एक उपकरण
(3) महिलाओं के प्रति भेदभाव के लिए एक उपकरण
(4) पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक बजट

40. विकास के कॉलिन क्लार्क क्रम को तोड़कर भारत में किस क्षेत्र का विकास हुआ है?
(1) निर्यात क्षेत्र
(2) प्राथमिक क्षेत्र
(3) द्वितीयक क्षेत्र
(4) सेवा क्षेत्र

41. नीचे दिए गए कूटों में से सही कूटों का चयन करते हुए **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | तरलता जाल | (i) | एम. फ्रीडमैन |
| (b) | प्रदर्शन प्रभाव | (ii) | ए. सी. पिगू |
| (c) | स्थायी आय परिकल्पना | (iii) | जे ड्यूजेनबेरी |
| (d) | सम्पदा प्रभाव | (iv) | जे. एम. कीन्स |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**42.** An over-valued currency will have which of the following effects :
(1) Make exports and imports equally costly
(2) Make exports and imports equally cheaper
(3) Make imports relatively more costly
(4) Make imports relatively cheaper.

**43.** According to Pribisch-Singer thesis which of the following is true ?
(a) International trade has increased international inequalities and has retarded the development of developing countries.
(b) The strategy of import substitution has resulted in misallocation of resources within a developing country.

**Codes :**

| | |
|---|---|
| (1) Both (a) and (b) are true. | (2) Only (a) is true. |
| (3) Only (b) is true | (4) Both (a) and (b) are not true. |

**44.** **Assertion (A)** : Marshall-Lerner condition should be fulfilled if devaluation is to be successful.
**Reason (R)** : Devaluation makes exports costly and imports cheaper.

**Codes :**
(1) Both **(A)** and **(R)** are correct
(2) Both **(A)** and **(R)** are not correct
(3) **(A)** is correct but **(R)** is not correct explaination of **(A)**
(4) **(A)** is correct and **(R)** is the correct reason of **(A)**

**45.** Productivity changes in domestic export industry are incorporated in which types of terms of trade ?

| | |
|---|---|
| (1) Income terms of trade | (2) Single factoral terms of trade |
| (3) Gross barter terms of trade | (4) None of the above. |

**46.** The proposed GST bill will subsume :

| | |
|---|---|
| (1) Entertainment tax | (2) Value-added tax |
| (3) Union excise duty | (4) All of the above. |

**47.** Select the pair of economists, who first gave the canons of taxation and public expenditure :
(1) R. N. Bhargav and R. A. Musgrave
(2) Adam Smith and Findlay Shirras
(3) A. C. Pigou and David Ricardo
(4) A. R. Prest and Ursula K Hicks

**48.** Following are some of the effects of parallel economy in India :
(a) Loss of revenue to the Government
(b) Greater burden on honest tax-payers
(c) Results in equitable distribution of wealth and income
(d) Encouragement to non-essential items of conspicuous consumption.

Find the correct combination from the codes given below :
(1) (a), (b) and (c) (2) (a), (b) and (d) (3) (b), (c) and (d) (4) (a) and (d)

**42.** अधिमूल्यित मुद्रा का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव होगा :

(1) निर्यात और आयात समान रूप से महंगा होना (2) निर्यात और आयात समान रूप से सस्ता होना

(3) आयात को सापेक्षिक रूप से महंगा होना (4) आयात को सापेक्षिक रूप से सस्ता होना

**43.** प्रिबिश – सिंगर शोध के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सही है ?

(a) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार ने अंतर्राष्ट्रीय असमानता को बढ़ाया है और विकासशील देशों के विकास को अवरुद्ध किया है।

(b) आयात प्रतिस्थापन की कार्यनीति के परिणामस्वरूप विकासशील देश में त्रुटिपूर्ण आबंटन हुआ है

**कूट :**

(1) (a) और (b) दोनों सही हैं (2) केवल (a) सही है

(3) केवल (b) सही है (4) (a) और (b) दोनों सही नहीं हैं

**44.** **अभिकथन (A)** : यदि अवमूल्यन को सफल होना है तो मार्शल-लर्नर शर्त पूरी होनी चाहिए।

**कारण (R)** : अवमूल्यन निर्यात को महंगा और आयात को सस्ता करता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं है

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है

(4) **(A)** सही है और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है

**45.** घरेलू निर्यात उद्योग में उत्पादकता परिवर्तन व्यापार की किन शर्तों में समाविष्ट होते हैं ?

(1) आय की व्यापार शर्तें (2) एकल साधन व्यापार शर्तें

(3) सकल वस्तु-विनिमय व्यापार शर्तें (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** प्रस्तावित जी.एस.टी. विधेयक में शामिल होगा :

(1) मनोरंजन कर (2) मूल्यवर्धित कर (3) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (4) उपर्युक्त में से सभी

**47.** अर्थशास्त्रियों के उस युग्म का चयन करें जिन्होंने पहली बार कराधान एवं सार्वजनिक व्यय के नियमों ('केनन') का प्रतिपादन किया :

(1) आर. एन. भार्गव एवं आर. ए. मसग्रेव (2) एडम स्मिथ एवं फिन्डले शिराज़

(3) ए. सी. पिगू एवं डेविड रिकार्डो (4) ए. आर. प्रेस्ट एवं उर्शुला के. हिक्स

**48.** निम्नलिखित में से कुछ भारत में समानान्तर अर्थव्यवस्था के प्रभाव हैं।

(a) सरकार को राजस्व का घाटा (b) ईमानदार करदाताओं पर अधिक बोझ

(c) सम्पत्ति और आय के समान वितरण (d) प्रदर्शन उपभोग की अनावश्यक मदों को प्रोत्साहन

दिए गए कूट से सही युग्म का पता करें :

(1) (a), (b) और (c) (2) (a), (b) और (d)

(3) (b), (c) और (d) (4) (a) और (d)

**49.** Reference period for the Neonatal Mortality Rate in India is :
(1) Three months after birth (2) One month after birth
(3) 28 days after birth (4) None of the above.

**50.** Recently launched "Indradhanush" programme is related with :
(1) Production of medicines
(2) Vaccination against fatal diseases
(3) Multivocational training for adolscent girls.
(4) None of the above.

**51.** Who suggested to Government of India to introduce expenditure tax ?
(1) N. Kalder (2) J. R. Hicks (3) B Hanson (4) Ursula Hicks

**52.** Which of the following new financing agency provide finance to micro and small business ?
(1) S I D B I (2) M U D R A (3) N A B A R D (4) K C C

**53.** Who said, "Inflation is unjust and defletion is inexpedient" ?
(1) A. K. Sen (2) J. R. Hicks (3) A. C. Pigou (4) J. M. Keynes

**54.** Consider the following reasons of continuous decline in average land holding rise in India. Answer from the code given below :
(a) Law of Inheritance (b) Consolidation
(c) Farm Mechanization (d) Desire for land ownership
**Codes :**
(1) (a) and (b) (2) (a) and (d)
(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (c) and (d)

**55.** Central Governments' situation is likely to be stressed because of :
(1) Implementation of the recommandations of the Seventh Central Pay Commission
(2) Larger devolution to the states arrising out of recommandations of the Fourteenth Finance Commission.
(3) Compensation to the states on implementation of GST
(4) All of the above.

**56.** Which tax is imposed solely by the Government of India ?
(1) Sales Tax (2) Excise Tax (3) Custom duty (4) Octroi duty

**57.** GST in India will be characterised by which of the following features ?
Choose the correct answer from the codes given below :
(a) There will be a dual GST with Centre and the state.
(b) It would be a destination based tax as against the origin based tax.
(c) It would apply to all goods and services excluding alcohol for human consumption.
**Codes :**
(1) All the above are correct. (2) Only (a) is true.
(3) Both (a) and (b) are true. (4) Only (b) and (c) are true.

**49.** भारत में नवजात शिशु मृत्यु-दर की संदर्भ अवधि क्या है?

(1) जन्म के बाद तीन महीने (2) जन्म के बाद एक महीना

(3) जन्म के बाद 28 दिन (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** हाल में आरंभ किया गया ''इन्द्रधनुष'' कार्यक्रम निम्नलिखित में से किससे संबंधित है :

(1) औषधियों का उत्पादन

(2) घातक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण

(3) किशोरियों के लिए बहु व्यावसायिक प्रशिक्षण

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**51.** निम्नलिखित में से किसने भारत सरकार को व्यय कर को आरंभ करने का सुझाव दिया?

(1) एन. काल्डर (2) जे. आर. हिक्स (3) बी. हैन्सन (4) उर्शुला हिक्स

**52.** निम्नलिखित में से कौन सी नयी वित्तपोषण एजेंसी सूक्ष्म एवं लघु व्यापार के लिए वित्त मुहैया कराती है :

(1) सिडबी (2) मुद्रा (3) नाबार्ड (4) किसान क्रेडिट कार्ड (के. सी. सी.)

**53.** किसने कहा ''मुद्रास्फीति अन्यायपूर्ण है और विस्फीति अहितकर है''?

(1) ए. के. सेन (2) जे. आर. हिक्स (3) ए. सी. पिगू (4) जे. एम. कीन्स

**54.** भारत में औसत जोत के आकार में निरंतर गिरावट के निम्नलिखित कारणों पर विचार करें। नीचे दिए कूटों में से उत्तर दें।

(a) उत्तराधिकार कानून (b) समेकन

(c) खेती का मशीनीकरण (d) भूमि स्वामित्व की इच्छा

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (c) और (d)

**55.** केन्द्र सरकार की राजकोषीय स्थिति के खराब रहने की सम्भावना किन कारणों से है :

(1) सातवे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन।

(2) चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के कारण राज्यों को ज्यादा आबन्टन।

(3) वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के कारण राज्यों को क्षतिपूर्ति।

(4) उपर्युक्त सभी।

**56.** कौन सा कर केवल भारत सरकार द्वारा लगाया जाता है?

(1) बिक्री कर (2) उत्पाद कर (3) सीमा शुल्क (4) चुंगी

**57.** भारत में वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) की निम्नलिखित में से क्या विशेषताएं हैं?
नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(a) केन्द्र और राज्यों की दोहरी जीएसटी व्यवस्था होगी।

(b) उदगम् आधारित कर के विरुद्ध यह गंतव्य आधारित कर होगा।

(c) यह मानव उपभोग के लिए अल्कोहल को छोड़कर सभी वस्तुओं और सेवाओं पर लागू होगा।

**कूट :**

(1) उपर्युक्त सभी सत्य है। (2) केवल (a) सत्य हैं।

(3) (a) और (b) दोनों सत्य हैं। (4) केवल (b) और (c) सत्य हैं।

**58.** Consider the following :

(a) Interest rate on bonds

(b) Rate of inflation

(c) Ratio of savings to investment

The velocity of money according to Friedman depends upon which of the above factors ? Choose the code to answer.

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (b) and (c) (3) (a) and (b) (4) Only (c)

**59.** Which country introduced paper currency system first in World ?

(1) England (2) USA (3) India (4) Sweden

**60.** The 2014 Nobel Prize in Economics was awarded to :

(1) Lars Peter Hansen (2) Jean Triole

(3) Alvin E. Roth (4) Paul Krugman

**61.** In environmental economics Herman Daly has formulated :

(1) Step up approach (2) Space utilisation approach

(3) Ecological approach (4) Steady - state approach

**62.** High powered panel to select the non-executive chairman of public sector banks has been constituted by Government under the chairmanship of :

(1) C. Rangarajan (2) Raghuram Rajan

(3) Bimal Jalan (4) Y. V. Reddy

**63.** **Assertion :** The share of women in decision making process is gradually increasing.

**Reasoning :** Greater inclusion of women involves greater share of gender budget in general budget.

Of the above statements, which one is correct :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is correct explaination of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is not the correct explaination of **(A)**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false

(4) **(R)** is true but **(A)** is false.

**64.** India's 'Green Actions' can be made effective by :

(1) Increase in excise duty on petrol and diesel

(2) Translating coal cess into a 'carbon tax'.

(3) Significantely promoting the renewable sources of energy.

(4) All of the above.

**58.** निम्नलिखित पर विचार करें :

(a) बाँड पर ब्याज दर

(b) मुद्रास्फीति की दर

(c) बचत-निवेश अनुपात

फ्रीडमैन के अनुसार मुद्रा वेग किन उपर्युक्त तथ्यों पर निर्भर करता है? सही उत्तर के लिए कूटों का चयन करें।

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) (b) और (c) (3) (a) और (b) (4) केवल (c)

**59.** किस देश ने विश्व में सर्वप्रथम कागजी मुद्रा का प्रचलन आरम्भ किया?

(1) इंग्लैंड (2) सं. रा. अ. (3) भारत (4) स्वीडन

**60.** वर्ष 2014 में अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया था?

(1) लार्स पीटर हैन्सेन (2) ज्यां ट्राउले (3) एल्वीन ई. रोथ (4) पॉल क्रुगमैन

**61.** पर्यावरणीय अर्थशास्त्र में हरमन डेली ने प्रतिपादित किया है :

(1) स्टेपअप उपागम (2) स्थान प्रयोग उपागम

(3) पारिस्थितिकी उपागम (4) सतत् - अवस्था उपागम

**62.** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के चयन के लिए किसकी अध्यक्षता में उच्चाधिकार पैनल गठित की है :

(1) सी. रंगराजन (2) रघुराम राजन (3) विमल जलान (4) वाई वी. रेड्डी

**63.** **अभिकथन (A)** : निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है।

**कारण (R)** : महिलाओं के ज्यादा शामिल होने का तात्पर्य लिंगाधारित बजट की सामान्य बजट में ज्यादा हिस्सेदारी है।

उपर्युक्त कथनो में से क्या सही है :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सत्य है लेकिन **(R)** असत्य है।

(4) **(R)** सत्य है लेकिन **(A)** असत्य है।

**64.** भारत के 'ग्रीन एक्शन्स' को प्रभावकारी बनाया जा सकता है :

(1) पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि कर

(2) कोयला उपकर को 'कार्बन कर' में परिवर्तित कर।

(3) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को प्रोत्साहित कर।

(4) उपर्युक्त सभी।

**65.** Which of the following are the conditions of economic viability and technological feasibilty of Leontief's static model ?

(1) Kuhn - Tucker conditions

(2) Hawkins - Simon conditions

(3) Klein - Rubin conditions

(4) Von Neumann - Mogenstern conditions

**66.** Given the demand function as $p = \frac{1}{4}q^{-\frac{1}{2}}$ , consumer's surplus at $q=25$ is :

(1) 1.12 (2) 1.25 (3) 1 (4) 0.5

**67.** Given the demand function as $p=20-2q$, the average and marginal revenue at $q=3$ are respectively :

(1) 6 and 12 (2) 7 and 12 (3) 8 and 14 (4) 11 and 15

**68.** Which of the following is true in the context of statistical tests of hypotheses for two variable linear regression model :

(1) $t^2 > F$ (2) $t^2 < F$ (3) $t^2 = F$ (4) $t = F$

**69.** Which is the correct form of model to test the stationarity of a time series through Dicky-Fuller test ?

(1) $Y_t = \lambda Y_{t-1} + \mu_t$ (2) $Y_t = Y_{t-1} + \lambda\mu_t$ (3) $Y_t = \lambda_{t+1} + \mu_t$ (4) $\Delta Y_t = \lambda Y_{t-1} + \mu_t$

**70.** The term 'best' in the best linear unbiased estimators (BLUE) implies :

(1) Maximum variance of the estimators

(2) Minimum variance of the estimators

(3) Average variance of the estimators

(4) Unbiased variance of the estimators

**71.** Match the following and answer from codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Durbin's h test | (i) | Heteroscedasticity |
| (b) | Goldfeld-Quandt test | (ii) | Overall significance of a regression |
| (c) | F - Test | (iii) | Stationarity of a series |
| (d) | Dicky - Fuller test | (iv) | Auto - correlation in auto-regressive models |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**65.** निम्नलिखित में से क्या लियोन्टिफ की स्थैतिक मॉडल की आर्थिक व्यवहार्यता और प्रौद्योगिकीय साध्यता की शर्तें हैं?

(1) कुन – टुकर शर्तें (2) हॉकिन्स – साइमन शर्तें

(3) क्लीन – रूबिन शर्तें (4) वॉन न्यूमैन – मोगेन्टर्न शर्तें

**66.** दिया गया मांग फलन है $p = \frac{1}{4}q^{-1/2}$, $q=25$ पर उपभोक्ता के अधिशेष है :

(1) 1.12 (2) 1.25 (3) 1 (4) 0.5

**67.** मांग फलन के $p=20-2q$ के दिए होने पर $q=3$ पर औसत और सीमान्त आगम का मान क्रमश: होगा :

(1) 6 और 12 (2) 7 और 12 (3) 8 और 14 (4) 11 और 15

**68.** दो चर रैखीय समाश्रयण मॉडल के लिए परिकल्पना के सांख्यिकी परीक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही है?

(1) $t^2 > F$ (2) $t^2 < F$ (3) $t^2 = F$ (4) $t = F$

**69.** डिकी-फूलर परीक्षण के माध्यम से कालश्रेणी की स्थिरता को जांचने के लिए कौन सा मॉडल सही है?

(1) $Y_t = \lambda Y_{t-1} + \mu_t$ (2) $Y_t = Y_{t-1} + \lambda\mu_t$ (3) $Y_t = \lambda_{t+1} + \mu_t$ (4) $\Delta Y_t = \lambda Y_{t-1} + \mu_t$

**70.** रैखीय निष्पक्ष आकलक (बी एल यू ई) में 'सर्वोत्तम' पद का तात्पर्य है :

(1) आकलक का अधिकतम विचरण (2) आकलक का न्यूनतम विचरण

(3) आकलक का औसत विचरण (4) आकलक का निष्पक्ष विचरण

**71.** निम्नलिखित को सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | डर्विन का एच परीक्षण | (i) | विषम विचालिका |
| (b) | गोल्डफेल्ड – क्वेन्डट परीक्षण | (ii) | प्रतिगमन की समग्र सार्थकता |
| (c) | एफ – परीक्षण | (iii) | श्रेणी की स्थिरता |
| (d) | डिकी फूलर परीक्षण | (iv) | स्वत: प्रतिगामी मॉडल में स्वत: सहसंबंध |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**72.** In a simultaneous equations system for an over-identified equation the appropriate method of estimation is :

(1) Ordinary Least squares Method
(2) Indirect Least Squares Method
(3) Two-stage Least Squares Method
(4) Limited information maximum Likelyhood Method

**73.** Which of the following statements are true concerning a recursive system ?

(a) The parameters can be validly estimated using seperate application of OLS to each equation
(b) The independent variables may be correlated with the error terms in other equations.
(c) An application of 2SLS would lead to unbiased but unefficient parameter estimates.
(d) The independent variables may be correlated with error terms in the equations in which they appear as independent variables.

(1) (b) and (d) only (2) (a) and (c) only
(3) (a), (b) and (c) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**74.** In a multiple regression the regression coefficients are to be tested. Which test would be used ?

(1) F test (2) $\chi^2$ (Chi-square)test (3) d test (4) t test

**75.** In CES production function

$$Q = A\left[\alpha X_1^{-\rho} + (1-\alpha) X_2^{-\rho}\right]^{-\frac{\mu}{\rho}}$$

Where Q is output and $X_1$ and $X_2$ are labour and capital, choose the correct alternative from given codes.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Efficiency Parameter | (i) | $\mu$ |
| (b) | Distribution Parameter | (ii) | $\rho$ |
| (c) | Substitution Parameter | (iii) | $\alpha$ |
| (d) | Returns to scale parameter | (iv) | A |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

- o 0 o -

**72.** एक युगपत् समीकरण निकाय में किसी अति-निर्धारित समीकरण के आकलन की उचित विधि है :

(1) साधारण न्यूनतम वर्ग पद्धति (2) अप्रत्यक्ष न्यूनतम वर्ग पद्धति

(3) द्वि - चरणीय न्यूनतम वर्ग पद्धति (4) सीमित सूचना अधिकतम सम्भाव्यता पद्धति

**73.** रिकर्सिव प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(a) प्रत्येक समीकरण के लिए न्यूनतम वर्ग को पृथक अनुप्रयोग करते हुए प्राचलों को वैधता से आकलित किया जा सकता है।

(b) स्वतंत्र चर अन्य समीकरणों में त्रुटि पद के साथ सहसंबंधित हो सकता है।

(c) 2SLS के अनुप्रयोग से निष्पक्ष लेकिन अकुशल प्राचलों का आकलन होगा।

(d) स्वतंत्र चरों की उन समीकरणों में जिसमें वे स्वतंत्र चर के रूप में प्रकट होते हैं त्रुटि पद के साथ सहसंबंधित किया जा सकते हैं।

(1) केवल (b) और (d) (2) केवल (a) और (c)

(3) केवल (a), (b) और (c) (4) (a), (b), (c) और (d)

**74.** बहु चर प्रतिगमन में प्रतिगमन गुणांकों का परीक्षण किया जाना है। किस परीक्षण का प्रयोग होगा?

(1) F परीक्षण (2) $\chi^2$ (काई वर्ग) परीक्षण

(3) d परीक्षण (4) t परीक्षण

**75.** सी.ई.एस. उत्पादन फलन में

$$Q = A\left[\alpha X_1^{-\rho} + (1-\alpha) X_2^{-\rho}\right]^{-\frac{\mu}{\rho}}$$

जहां Q उत्पादन और $X_1$ और $X_2$ श्रम और पूंजी है नीचे दिए गए कूटों से सही विकल्प का चयन करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | दक्षता प्राचल | (i) | $\mu$ |
| (b) | वितरण प्राचल | (ii) | $\rho$ |
| (c) | प्रतिस्थापन प्राचल | (iii) | $\alpha$ |
| (d) | पैमाने के प्रतिफल का प्राचल | (iv) | A |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

- o 0 o -

**Space For Rough Work**